# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–14 अगस्त 2026 सान्ध्य समाचार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज अब से थोड़ी देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन शाम सात बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित होगा, जिसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण भी प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, इसका क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण दूरदर्शन के क्षेत्रीय चौनलों पर किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय चैनलों पर रात साढ़े नौ बजे संबोधन के क्षेत्रीय भाषा संस्करण का प्रसारण करेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वतंत्रता दिवस पर कल दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे।

**लाल किले में होने वाले इस समारोह में, पहली बार वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रगान होगा। यह भव्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम' की 150 साल पुरानी गौरवशाली विरासत को याद करने, और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति की ऊर्जा, आकांक्षाओं और महत्वपूर्ण योगदान का उत्सव मनाने के लिए, आयोजित किया जा रहा है। समारोह में, देश के अलग–अलग क्षेत्रों से करीब पांच हजार विशेष अतिथियों को भी लाल किला में आमंत्रित किया गया है। इनमें पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगर, पीएम मुद्रा योजना की महिला उद्यमी, पीएम स्वनिधि योजना के रेहड़ी–पटरी वाले और भारत टैक्सी के टैक्सी चालक शामिल हैं। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

देश आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा  है। इस अवसर पर वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और असहनीय पीड़ा झेलने वाले सभी लोगों को याद किया जा रहा है।

**2021 में सरकार ने हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। यह दिवस आने वाली पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेले गए दर्द और पीड़ा की याद दिलाता है। विभाजन ने लाखों लोगों को प्रभावित किया और अपने पीछे गहरे घाव छोड़ें। विभाजन के कारण करीब दो करोड़ लोग प्रभावित हुए। यह दिवस सामाजिक विभाजन और वैमनस्य को दूर करने तथा शांति सद्भाव और एकता की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता की भी याद दिलाता है अनुपम मिश्रा आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कामना की है कि यह दिन राष्ट्र में सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस अवसर पर आज लखनऊ में आयोजित मौन पदयात्रा में शामिल हुए। उन्होंने विभाजन की त्रासदी पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही इस त्रासदी की पीड़ा झेलने वाले विस्थापित परिवारों के सदस्यों को सम्मानित भी किया।

अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने विभाजन की त्रादसी को इतिहास का काला अध्याय बताया।

**आज पूरा देश 1947 में विभाजन की उस भीषण त्रासदी के स्मृति दिवस के साथ जुड़ा हुआ है, जो विश्व मानवता के इतिहास का सबसे काले अध्यायों में से एक है।**

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदेश के अलग–अलग जिलों में भी विविध आयोजन किए जा रहे हैं। गोरखपुर के पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में वहां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने इस अवसर पर सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का संदेश दिया।

**********

नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कल विजयवाड़ा और वाराणसी के बीच सीधी हवाई सेवा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इस नई उड़ान से विजयवाड़ा के श्री कनक दुर्गा अम्मा मंदिर और वाराणसी के बाबा काशी विश्वनाथ धाम के बीच तीर्थ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

**********

मौसम विभाग ने अठारह अगस्त तक प्रदेश भर में कहीं कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी है। इस बीच, आज गोरखपुर सहित आसपास के कई पूर्वी जिलों में दिन में तेज धूप निकली और लोगों ने उमस भी महसूस की, हालांकि कहीं कहीं से छिटपुट वर्षा के भी समाचार मिले हैं।

**********